Title: Need for early completion of construction work of National Highway No. 101 between Chhapra and Mohammadpur in Bihar -Laid.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार): अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य अन्तर्गत छपरा प्रमण्डल में छपरा से मुहम्मदपुर पथ को राट्रीय राज्य मार्ग घोाित किया गया है। यह पथ जो राट्रीय राज्य मार्ग संख्या 101 के नाम से जाना जाता है, अत्यंत खराब अवस्था में है। पिछले वर्ा बाढ़ के चलते यह पथ ध्वस्त हो गया था। उस पथ पर मरम्मत कार्य भी निधि के अभाव में नहीं हो सका। राज्य सरकार उक्त पथ पर निधि इसलिए नहीं देती है कि वह राट्रीय राजमार्ग है। कई बार सदन में उक्त पथ के निर्माण हेतु चर्चा उठाया गया तथा पत्र के माध्यम से माननीय मंत्री का ध्यान आकृट किया गया है। परन्तु, समुचित कार्यवाही अभी तक नहीं हुयी है।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकृट करना चाहता हूं कि सरकार राट्रीय पथ संख्या 101 छपरा से मुहम्मदपुर के निर्माण हेतु शीघ्र निधि आबंटित करें तथा कार्य पूरा कराया जाये।